कार्यालय, प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
नगरपारा, भागलपुर – 853203 (बिहार)

डॉ0 दीपक कुमार (बि0 शि0 से0)
प्र0 प्राचार्य

:- ptecnagarpara17@gmail.com
:- www.ptecnagarpara.org.in

डी0एल0एड0 (प्रशिक्षण सत्र 2024–26) में नामांकन संबंधी आवश्यक सूचना :–

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना के विज्ञप्ति संख्या –पी0आर0 252/2024 के आलोक में समिति द्वारा नामांकन हेतु जारी प्रथम चयन सूची में चयनित छात्र/छात्रा को निदेश दिया जाता है कि डी0एल0एड0 (प्रशिक्षण सत्र 2024–26) में नामांकन दिनांक 18.07.2024 से 23.07. 2024 तक महाविद्यालय कार्यालय में लिया जायेगा। नामांकन हेतु निम्न अभिलेख मूल में तथा स्वहस्ताक्षरित दो–दो प्रति दो कवर फाईल में लेकर महाविद्यालय में नामांकन लेना सुनिश्चित करेंगें। :–

आवश्यक दस्तावेज :–

1. बोर्ड द्वारा प्रेषित चयन संबंधी सूचना (Intimation Letter) का प्रिंट आउट।
2. सामान्य आवेदन (Common Application Form) का प्रिंट आउट।
3. डी0एल0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2024 का स्कोर कार्ड।
4. 10वीं बोर्ड परीक्षा का अंक पत्रक एवं उत्तीर्णता मूल प्रमाण पत्र।
5. 12वीं बोर्ड परीक्षा का अंक पत्रक एवं उत्तीर्णता (मूल/औपबंधिक) प्रमाण पत्र।
6. विद्यालय/महाविद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र, CLC (अंतिम उपाधि जहाँ से ग्रहण किये हैं उस विद्यालय/महाविद्यालय का)
7. प्रवजन प्रमाण पत्र (Migration Certificate) (अंतिम उपाधि)
8. आचरण प्रमाण पत्र (अंतिम उपाधि)
9. सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
10. सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
11. सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत EWS/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग संबंधी प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
12. क्रीमीलेयर रहित (Non Creamy layer) होने का प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
13. प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी/अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा निर्गत सभी प्रमाण पत्रों के सही होने का शपथ पत्र (प्रारूप संलग्न)
14. पासपोर्ट आकार के पाँच रंगीन फोटो।
15. नामांकन शुल्क से संबंधी बैंक ड्राफ्ट ।

नोट :– नामांकन शुल्क अनुसूचित जाति/जनजाति (SC/ST) एवं दिव्यांग वर्ग के अभ्यर्थयों के लिए 7000/– (सात हजार रू0 मात्र) एवं शेष वर्ग के अभ्यर्थियों यथा–सामान्य (अनारक्षित), पिछड़ा वर्ग, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के लिए 11500/– (ग्यारह हजार पाँच सौ रू0 मात्र) है। जो अभ्यर्थी अंतिम रूप से महाविद्यालय में नामांकन नहीं लेकर केवल SLIDE UP विकल्प का प्रयोग करना चाहते हैं वे सुरक्षा राशि के रूप में 3000/– (तीन हजार रू0 मात्र) का ड्राफ्ट जमा कर सीट आरक्षित कर सकते हैं।

नामांकन से सबंधित बैंक ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत PRINCIPAL, PTEC NAGARPARA के पक्ष में देय तथा भागलपुर में भुगतेय होना चाहिए। (ड्राफ्ट प्राथमिकता के आधार पर PNB अथवा SBI का हो)

16/7/24

(डॉ0 दीपक कुमार)
प्रभारी प्राचार्य
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
नगरपारा, भागलपुर।

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय, प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
नगरपारा, भागलपुर – 853203 (बिहार)

डॉ० दीपक कुमार (बि० शि० से०)
प्र० प्राचार्य

:- ptecnagarpara17@gmail.com
:- www.ptecnagarpara.org.in

डी०एल०एड० (प्रशिक्षण सत्र 2024–26) में नामांकन संबंधी आवश्यक सूचना :–

डी०एल०एड० सत्र 2024–26 में नामांकन हेतु इच्छुक सभी आवेदकों को सूचित किया जाता है कि नामांकन बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा प्रेषित सूची के आधार पर एवं आवेदन के समय अभ्यर्थियों द्वारा भरे गये सूचना के आलोक में लिया जा रहा है। यदि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा प्रेषित सूची में किसी प्रकार का परिवर्त्तन किया जाता है या अभ्यर्थियों द्वारा दिये गये सूचना में किसी प्रकार की विसंगति पायी जाती है तो नामांकन स्वतः रद्द समझा जाएगा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा चयन सूची में परिवर्त्तन के फलाफल से नामांकन प्रभावित होगा।

16/7/24

(डॉ० दीपक कुमार)
प्रभारी प्राचार्य
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
नगरपारा, भागलपुर।

Scanned with OKEN Scanner